पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के स्नातक पाठ्यक्रम नव–प्रवेशित छात्रों का ओरियंटेशन कार्यक्रम

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं का ओरियन्टेशन कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. डॉ. पी.डी. जयुाल के अध्यक्षता में किया गया। इस समारोह में विभिन्न प्राध्यापकों ने प्रथम वर्ष के छात्रों को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों से अवगत कराया साथ ही महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों को पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया। विश्वविद्यालय के कुलपति जी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पशुचिकित्सा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करने हेतु प्रेरित किया। अधिष्ठाता संकाय डॉ. एस.एन.एस. परमार ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र–छात्राओं की उपलब्धियों को बताते हुये छात्राओं को बेहतर होने के लिये निरंतर प्रयास करने कहा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.पी.एस. बघेल महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास बताते हुए छात्रों को इस परिपाटी को बनाएं रखने हेतु अकादमिक, शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. आर.के.शर्मा ने शैक्षणिक, डॉ. मधु स्वामी ने परीक्षा संबंधी नियमों, डॉ. आदित्य मिश्रा ने स्पोर्ट्स, डॉ. रणधीर सिंह ने एन.एन.सी. और डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने रा.से.यो. की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से डॉ. अकलंक जैन, डॉ. आर.पी.नेमा, डॉ. एस.एन.शुक्ला, डॉ. रणविजय सिंह एवं डॉ. निधि गुप्ता विशेष रुप से उपस्थित थे एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. राखी वैश्य ने किया।